भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1352
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**गोदावरी पुष्करालु 2027 के लिए केंद्रीय सहायता**

**†1352. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तेलंगाना सरकार से 23 जुलाई 2027 से प्रारम्भ होने वाले 2027 गोदावरी पुष्करालु के आयोजन हेतु विशेष केंद्रीय सहायता का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) क्या सरकार का गोदावरी नदी के किनारे, विशेषकर धर्मपुरी और कलेश्वरम के प्रमुख मंदिर क्षेत्रों के विकास तथा आवश्यक पुष्कर घाटों के निर्माण एवं भक्तों की सुविधाओं हेतु समर्पित निधि आवंटित करने का विचार है; और

(ग) यदि हाँ, तो ऐसी सहायता निधि जारी करने की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(घ) यदि नहीं, तो कुंभ मेले के समान व्यापक जन भागीदारी की अपेक्षा के बावजूद इस अनुरोध पर विचार न करने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय मेलों, महोत्सवों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। यह योजना राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को पर्यटकों को एक विशिष्ट पर्यटन अनुभव प्रदान करने और सांस्कृतिक पर्यटन को मजबूती प्रदान करने में मदद करती है, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और सामुदायिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देती है। हालांकि, तेलंगाना सरकार से दिनांक 23 जुलाई, 2027 से शुरू होने वाले 2027 गोदावरी पुष्करालु के आयोजन के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग से संबंधित कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' और स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप उनसे प्राप्त परियोजना प्रस्तावों, निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है। पर्यटन

मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। इसके अलावा, भारत सरकार ने देश में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक योजना के तहत 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों को व्यापक रूप से विकसित करना और उनकी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग तथा विपणन करना है।

हालांकि, तेलंगाना राज्य सरकार से गोदावरी पुष्करालु 2027 से संबंधित कार्यों के लिए कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्राप्त नहीं हुई है।

*****